केंद्रीय विद्यालय संगठन, गुरुग्राम संभाग
पूर्व बोर्ड परीक्षा- (2025-26)

कक्षा- दसवीं **अधिकतम अंक : 80**
विषय- हिन्दी (कोड 002) **समय : 3 घंटे**

सामान्य निर्देश -
1 इस प्रश्न पत्र में कुल चार खंड हैं- खंड क , ख , ग, घ |
2 सभी प्रश्नपत्र में कुल 15 प्रश्न है | सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3 प्रश्नपत्र में आन्तरिक विकल्प दिए गए हैं |
4 प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए लिखिए |

	खंड – क (अपठित बोध)	**अंक - 14**
1	**निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- (1+1+1+2+2)** संसार में अमरता उन्हें ही प्राप्त होती है जो अपने पीछे ऐसे विचार, मूल्य और कर्म छोड़ जाते हैं जो आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकें। इतिहास में ऐसे असंख्य उदाहरण मिलते हैं जहाँ किसी महान व्यक्तित्व ने साधारण जीवन जीते हुए भी असाधारण कार्य किए और मानवता के लिए आदर्श बन गए। प्रायः यह देखा गया है कि ऐसे महान व्यक्तित्वों का जन्म संपन्न परिवारों में नहीं, बल्कि मध्यम या गरीब वर्गों में होता है। विपरीत परिस्थितियाँ उनके भीतर विनय, सहनशीलता, कष्ट-सहिष्णुता, साहस, और उदारता जैसे गुणों का विकास करती हैं। यही चारित्रिक गुण उन्हें अहंकारहीन और सादा जीवन जीने योग्य बनाते हैं। सादगी केवल बाहरी रूप में नहीं बल्कि विचारों में भी होनी चाहिए। विचारों की ऊँचाई और जीवन की सरलता एक आदर्श संतुलन है जो किसी भी व्यक्ति को महान बना सकती है। सादा जीवन जीने के लिए दो बातें अत्यंत आवश्यक हैं—एक, कठिन परिस्थितियों में धैर्य न छोड़ना, और दो, अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखना। आज के उपभोक्तावादी युग में व्यक्ति जितना अधिक भौतिक सुखों की ओर आकर्षित हो रहा है, उतना ही वह सादगी और आत्म-संयम से दूर होता जा रहा है। जबकि सच्चा आत्मसम्मान तभी टिकता है जब व्यक्ति अपनी आवश्यकताओं को विवेकपूर्वक सीमित रखे और कभी आत्मगौरव को ठेस न पहुँचने दे। विचारशील व्यक्ति जानता है कि बाहरी दिखावा क्षणिक है, जबकि चरित्र की सादगी स्थायी प्रभाव छोड़ती है। इसलिए जीवन की सच्ची गरिमा सादगी और उच्च विचारों में है, जो मनुष्य को आंतरिक रूप से शक्तिशाली और समाज के लिए अनुकरणीय बनाती है। **प्रश्न 1:** निम्न कथनों में से किनके आधार पर यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि विपरीत परिस्थितियाँ महानता की ओर ले जाती हैं? (1) विपरीत परिस्थितियाँ विनय और सहनशीलता का विकास करती हैं। (2) वे व्यक्ति को विलासिता की ओर ले जाती हैं। (3) साधारण जीवन में असाधारण कर्म जन्म लेते हैं। (4) सादगी और चरित्र में संबंध होता है। **विकल्प:** (क) केवल 1 और 2 (ख) केवल 1 और 3 (ग) केवल 2 और 4 (घ) केवल 3 और 4 **प्रश्न 2:** लेखक के अनुसार सच्चा आत्मसम्मान किस स्थिति में टिकता है? (क) जब व्यक्ति दिखावे से दूर रहता है | (ख) जब भौतिक वस्तुएँ पर्याप्त हों | (ग) जब आत्मगौरव को ठेस न पहुँचे और आवश्यकताएँ सीमित हों | (घ) जब व्यक्ति समाज में प्रसिद्ध हो जाए | **प्रश्न 3:** कथन (A) और कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही उत्तर का चयन कीजिए।	7

कथन (A): सादा जीवन जीने वाला व्यक्ति समाज के लिए अनुकरणीय बनता है।
कारण (R): क्योंकि वह आंतरिक रूप से शक्तिशाली होता है और दिखावे से दूर रहता है।
विकल्प:
(क) कथन A और कारण R दोनों सही हैं तथा कारण R, कथन A की सही व्याख्या है।
(ख) कथन A और कारण R दोनों सही हैं, परंतु कारण R, कथन A की सही व्याख्या नहीं है।
(ग) कथन A सही है परंतु कारण R गलत है।
(घ) कथन A गलत है परंतु कारण R सही है।
प्रश्न 4: लेखक के अनुसार महानता और सादगी के बीच क्या संबंध है?
प्रश्न 5: आज के उपभोक्तावादी युग में व्यक्ति सादगी से क्यों दूर होता जा रहा है और इसका क्या प्रभाव है?

2. 7

निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-.
(1+1+1+2+2)

फिर से नहीं आता समय ,जो एक बार चला गया,
जग में कहो बाधा–रहित कब कौन काम हुआ भला।
'बहती नदी सूखे अगर उस पार मैं इसके चलूँ'
इस सोच में बैठा पुलिन पर ,पार जा सकता भला?
किस रीति से क्या काम ,कब करना ,बनाकर योजना ,
मन में लिए आशा प्रबल ,दृढ़ जो वही बढ़ जाएगा।
उसको मिलेगा तेज, बल ,अनुकूलता सब ओर से ,
वह कर्मयोगी ,वीर, अनुपम, साहसी सुख पायेगा।
यह वीर भोग्या, जो हृदयतल में बसी वसुधा सदा
करती रही आह्वान है, युद्ध वीर का, पुरुषत्व का
कठिनाइयों में खोजकर पथ ,ज्योति पूरित जो करे ,
विजयी वही होता धरणि सुत वरण कर अमरत्व का॥

1) जीवन में वह व्यक्ति उन्नति करता है,जो.....कथन को पढ़कर सही विकल्प चुनिए -

कथन
(i) वीर हो (ii) कर्मयोगी हो
(iii) साहसी हो (iv) कायर हो
विकल्प
(क) कथन ii व iii सही है।
(ख) कथन i,ii व iii सही हैं।
(ग) कथन i व ii सही है ।
(घ) कथन i,ii, iii व iv सही है।

2) वसुंधरा किसका आह्वान करती है?
(क) युद्धवीर का (ख) कायरों का
(ग) पुरुषत्व का (घ) क और ग दोनों का

3) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-
कथन -(A) जो एक बार चला गया वह समय लौटकर नहीं आता I
कारण -(R) कठिनाइयों की परवाह किए बिना मनुष्य को योजनाबद्ध कार्य करना चाहिए।
(क) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है।

	(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं। (ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है । (घ) कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नही है। **4) इस कविता के माध्यम से कवि ने क्या संदेश दिया है?** **5) दृढ़ निश्चयी को क्या प्राप्त होता है?**		
	खंड – ख (व्यावहारिक व्याकरण) अंक-16		
3	**निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए** - (1x4=4)		4
	1)	**जो गुणी होते हैं, उन्हें सभी सम्मान देते हैं। (रचना के आधार पर इस वाक्य का भेद लिखिए)**	
	2)	**सांझ हुई और पक्षी घोंसलों में लौटने लगे। (सरल वाक्य में बदलिए)**	
	3)	**पानवाले ने साफ़ बता दिया था कि <u>अब वह इस बारे में बात करने को तैयार नहीं है</u> | (रेखांकित उपवाक्य का भेद लिखिए)**	
	4)	**मोहनदास और गोकुलदास सामान निकालकर बाहर रखते जाते थे | (संयुक्त वाक्य में बदलिए)**	
	5)	**हालदार साहब पहली बार इस कस्बे से गुजरे और चौराहे पर पान खाने रुके | (मिश्रित वाक्य में बदलिए)**	
4	**निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए** -- (1x4=4)		4
	1)	**न्यूटन के द्वारा गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत का आविष्कार किया गया | (इस वाक्य का वाच्य लिखिए)**	
	2)	**सुमन जल्दी नहीं उठती। (प्रस्तुत वाक्य को भाववाच्य में बदलिए)**	
	3)	**किसान के द्वारा खेत की जुताई की गई । (प्रस्तुत वाक्य को कर्तृवाच्य में बदलिए)**	
	4)	**सफ़र का वक्त काटने के लिए ही उन्होंने खीरे ख़रीदे होंगे | (प्रस्तुत वाक्य को कर्मवाच्य में बदलिए)**	
	5)	**कर्म वाच्य में कौन-सी क्रिया होती हैं ?**	
5	**निर्देशानुसार 'पद परिचय' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के रेखांकित पदों का पद-परिचय लिखिए** - (1x4=4)		4
	1)	**<u>शाबाश</u> ! क्या गोल दागा है।**	
	2)	**मैं सवेरे <u>उठा</u> |**	
	3)	**बर्तन में <u>थोड़ा</u> दूध है ।**	
	4)	**<u>ताजमहल</u> आगरा में है |**	
	5)	**<u>मैं</u> नीली टोपी पहनता हूँ ।**	
6	**निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों की रेखांकित काव्य पंक्तियों में अलंकार पहचान कर लिखिए** -(1x4=4)		4

	1)	**<u>बढ़त देखि जल सम वचन बोले</u> रघुकुल भानु**	
	2)	**<u>प्रीति नदी</u> में पाऊँ न बोरयौ**	
	3)	**मेघमय आसमान से उतर रही** **<u>संध्या सुंदरी परी- सी धीरे -धीरे</u>'**	
	4)	**आगे नदिया पड़ी अपार , घोडा कैसे उतरे पार** **<u>राणा ने सोचा इस पार , तब तक चेतक था उस पार</u>**	
	5)	**भजमन <u>चरण कँवल</u> अविनाशी**	
		खंड ग **(पाठ्य पुस्तक एवं पूरक पाठ्य पुस्तक)**	
7		**निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए:** (1x5=5)	5
		अमीरुद्दीन का जन्म डुमराँव , बिहार के एक संगीत प्रेमी परिवार में हुआ है। 5 – 6 वर्ष डुमराँव में बिताकर वह नाना के घर , ननिहाल काशी में आ गया है। डुमराँव का इतिहास में कोई स्थान बनता हो , ऐसा नहीं लगा कभी भी। पर यह ज़रूर है कि शहनाई और डुमराँव एक – दूसरे के लिए उपयोगी हैं। शहनाई बजाने के लिए रीड का प्रयोग होता है। रीड अंदर से पोली होती है जिसके सहारे शहनाई को फूँका जाता है। रीड , नरकट से बनाई जाती है जो डुमराँव में मुख्यतः सोन नदी के किनारों पर पाई जाती है। इतनी ही महत्ता है इस समय डुमराँव की जिसके कारण शहनाई जैसा वाद्य बजता है। फिर अमीरुद्दीन जो हम सबके प्रिय हैं , अपने उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ साहब है। उनका जन्म-स्थान भी डुमराँव ही है। इनके परदादा उस्ताद सलार हुसैन खाँ डुमराँव निवासी थे। बिस्मिल्ला खाँ उस्ताद पैगंबरबख्श और मिट्ठन के छोटे साहबजादे हैं। 1. अमीरुद्दीन का जन्म हुआ था – कथन के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए- i) बिहार के डुमराँव में ii) दिल्ली के ख्याला में iii) आगरा के घराने में iv) एक संगीत प्रेमी परिवार में विकल्प – 1) केवल कथन I सही है। 2) कथन I और II सही हैं। 3) कथन II और III सही हैं। 4) कथन I और IV सही हैं। 2. कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए – कथन (A) : शहनाई और डुमराँव एक दूसरे के लिए उपयोगी हैं। कारण (R) : डुमराँव की नरकट घास से शहनाई की रीड बनती है और बिस्मिल्ला खाँ का जन्म स्थान भी डुमराँव है। (क) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है। (ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं। (ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है। (घ) कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है। 3. अमीरुद्दीन के माता-पिता कौन हैं?	

		क) यतीद्र मिश्र और महादेवी ख) पैगंबरबख्श और मिट्ठन ग) अलीबख्श और बतूलनबाई घ) शमसुद्दीन और रसूलनबाई 4. 'रीड' कैसी होती है ? उचित विकल्प का चयन कीजिए- i) रीड कठोर होती है | ii) इसका शहनाई से कोई संबंध नहीं होता | iii) रीड अन्दर से पोली होती है | iv)इसके सहारे शहनाई को फूँका जाता है | विकल्प – क) केवल कथन I सही है | ख) कथन I और II सही हैं | (ग) कथन II और III सही हैं | (□) कथन III और IV सही हैं | 5. काशी में बिमिल्लाह खाँ का क्या था ? क) घर ख) दुकान ग) ननिहाल घ) इनमे से कोई नहीं	
8		**निर्धारित गद्य पाठों पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए-** (2x3=6)	**6**
	क)	हालदार साहब के विचार से देश को स्वतंत्र कराने वाले लोग कैसे थे और उनका उपहास करने वाले आज के देशवासी कैसे हो गए हैं ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए |	
	ख)	'बालगोबिन भगत' पाठ में किन प्रसंगों से पता चलता है कि बालगोबिन भगत सामाजिक रूढ़ियों से बंधकर प्रगतिशील विचारों का परिचय देते हैं ?	
	ग)	'एक कहानी यह भी' पाठ की लेखिका के व्यक्तित्व को किन-किन व्यक्तियों ने किस रूप में प्रभावित किया	
	घ)	वास्तविक अर्थों में 'संस्कृत व्यक्ति' किसे कहा जा सकता है ?	
9		**निम्नलिखित पठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए:** (1x5=5)	5
		लखन कहा हसि हमरे जाना। सुनहु देव सब धनुष समाना | का छति लाभ जून धनु तोरें। देखा राम नयन के भोरें ॥ छुअत टूट रघुपतिहु न दोसू। मुनि बिनु काज करिअ कत रोसू । बोले चितै परसु की ओरा । रे सठ सुनेहि सुभाउ न मोरा॥ बालकु बोलि बधौं नहि तोही । केवल मुनि जड़ जानहि मोही ।। बाल ब्रह्मचारी अति कोही । बिस्वबिदित क्षत्रियकुल द्रोही ।। भुजबल भूमि भूप बिनु कीन्ही । बिपुल बार महिदेवन्ह दीन्ही । । सहसबाहुभुज छेदनिहारा । परसु बिलोकु महीपकुमारा ।। मातु पितहि जनि सोचबस करसि महीसकिसोर | गर्भन्ह के अर्भक दलन परसु मोर अति घोर **1)** कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए – कथन (A) : परशुराम क्रोध में आने पर भी लक्ष्मण को छोड़ रहे थे | कारण (R) : वे लक्ष्मण को बालक मान , बाल-हत्या का अपराध अपने सिर नहीं लेना चाहते थे | (क) कथन (A) गलत है किंतु कारण (R) सही है। (ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों ही गलत हैं।	

		(ग) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या है। (घ) कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या नहीं है। 2) काव्यांश में क्षत्रिय कुलद्रोही कौन है ? क) लक्ष्मण ख) परशुराम ग) श्रीराम घ) विश्वामित्र 3) परशुराम जी ने आत्म-परिचय में क्या कहा ? सही विकल्प का चयन कीजिये – I. वे बाल ब्रह्मचारी तथा अत्यंत क्रोधी हैं। II. वे क्षत्रिय कुल के शत्रु तथा योद्धा हैं। III. वे ब्राह्मणों के पक्षधर एवं दानी हैं। IV. उन्होंने भूमि को क्षत्रिय राजाओं से रहित कर डाला। **विकल्प** क) केवल कथन I सही है। ख) कथन I और II सही हैं। 3) कथन II और III सही हैं। घ) कथन I ,II, III और IV सही हैं। 4) परशुराम ने अपने फरसे से किसकी भुजाएँ काटी थी? क) कंस की ख) सहस्रबाहु की ग) रावण की घ) इनमे से कोई नहीं **5)** छुअत टूट रघुपति न दोसू' यह कथन किसने किससे कहा? (क) लक्ष्मण ने रामचन्द्रजी से। (ख) विश्वामित्र ने परशुराम से। (ग) लक्ष्मण ने परशुराम से (घ) इनमें से कोई नहीं	

10		**निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए :- (2x3=6)**	**6**
	क)	'स्मृति को पाथेय 'बनाने से कवि का क्या आशय है? 'आत्मकथ्य' कविता के आधार पर लिखिए।	
	ख)	बच्चे की मुस्कान और एक बड़े व्यक्ति की मुस्कान में क्या अंतर है? 'यह दंतुरित मुस्कान' कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।	
	ग)	संगतकार के माध्यम से कवि किस प्रकार के व्यक्तियों की ओर संकेत करना चाह रहा है? 'संगतकार' कविता के आधार पर लिखिए।	
	घ)	'उत्साह' कविता में बादल के माध्यम से कवि निराला के मनोभावों ,विचारों और जीवन की झलक मिलती है। इस कथन से आप कितने सहमत /असहमत हैं? तर्क सहित उत्तर दीजिए।	
11		**पूरक पाठ्य पुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए :- (4 x2=8)**	**8**
	क)	लेखक के अनुसार प्रत्यक्ष अनुभव की अपेक्षा भीतरी अनुभूति उनके लेखन में अधिक मदद करती है।क्यों और कैसे ? मैं क्यों लिखता हूं' पाठ के आधार पर लिखिए।	
	ख)	कभी श्वेत तो कभी रंगीन पताकाओं का फहराना किन अलग-अलग अवसरों की ओर संकेत करता है? 'साना साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर लिखिए।	

	ग)	'माता का अंचल' पाठ के आधार पर यह कहा जा सकता है कि बच्चे का अपने पिता से अधिक जुड़ाव था, फिर भी विपदा के समय वह पिता के पास न जाकर माँ की शरण लेता है।'आपकी समझ से इसकी क्या वजह हो सकती है? वर्णन कीजिए।	
		खंड –घ (रचनात्मक लेखन) 20	
12		**निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर संकेत बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए-**	6
	क)	**लोकतंत्र में मीडिया का उत्तरदायित्व** संकेतबिंदु – * प्रस्तावना * मीडिया का प्रमुख उत्तरदायित्व * लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका * आगे बढ़ने की होड़ में कर्तव्य पथ से भटकता मीडिया * उपसंहार	
	ख)	**भारत की पहचान – विविधता में एकता** संकेतबिंदु – * भूमिका * विविधता में एकता का उदाहरण * वर्तमान स्थिति * निष्कर्ष	
	ग)	**विद्यार्थी और अनुशासन** संकेत बिंदु – * भूमिका * अनुशासन का अर्थ * अनुशासन की आवश्यकता * निष्कर्ष	
13		आप आदर्श नगर के निवासी हैं।वहाँ कोई पार्क नहीं है।अपने क्षेत्र में एक पार्क विकसित करने के लिए नगर निगम के अधिकारी को 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। अथवा वर्तमान समय में संचार के आधुनिक साधनों के कारण पत्र लेखन का महत्व कम हो गया है, छोटे भाई को पत्र लिखकर पत्र लेखन का महत्व बताइए	5
14		एक प्रतिष्ठित कार्यालय में लिपिक (क्लर्क) के पद हेतु आवेदन करने के लिए लगभग 80 शब्दों में अपना स्ववृत्त लेखन कीजिए। **अथवा** अपने पुराने विद्यालय से स्थानांतरण प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए विद्यालय के प्राचार्य महोदय को लगभग 80 शब्दों में एक ई मेल लिखिए।	5

15		आपके नगर में साइकिलों की एक नई दुकान खुली है – 'हीरो साइकिल स्टोर' । इसके प्रचार के लिए 40 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। **अथवा** 'शिक्षक दिवस' के अवसर पर अपने हिन्दी शिक्षक के लिए 40 शब्दों में एक भावपूर्ण संदेश लिखिए।	4